# वी.यू. में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में किया गया पीपल के पौधों का रोपण

जबलपुर, दिनांक 05.06.2019। महामहिम कुलाधिपति व राज्यपाल, म.प्र. शासन के निर्देशानुसार नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में दिनांक 5 जून 2019 को ''**विश्व पर्यावरण दिवस**'' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा शपथग्रहण समारोह, व्याख्यान एवं वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजेश बहुगुणा जी, संभाग आयुक्त, जबलपुर रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी के द्वारा की गई। इसी तारतम्य में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में प्रातः 8:30 बजे पीपल के पौधों का रोपण किया गया। यह पीपल वृक्षारोपण कार्यक्रम माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय प्रागंण की विभिन्न इकाईयों में पीपल के पौधे रोपे गए। इस दौरान बी.व्ही.एस.सी / बी.एफ.एस.सी. के प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि आपके द्वारा रोपित वृक्षों की 05 वर्ष तक अपनी डिग्री के दौरान रख–रखाव की जिम्मेदारी छात्र–छात्राओं की होगी। व इनकी समीक्षा उपरांत छात्र–छात्राओं को उनके कार्यानुसार पुरस्कृत किया जायेगा और छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं वृक्षारोपण हेतु शपथ दिलाई व समस्त शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं पशुधन विकास में पर्यावरण महत्व के बारे में जानकारी देने के साथ–साथ बताया कि वृक्षारोपण के फलस्वरूप प्रशासनिक परिसरों के आस पास के पर्यावरण में सुधार परिलक्षित होगा एवं वायु प्रदूषण के स्तर में कमी होगी व सभी को

निरंतर ऑक्सीजन मिलती रहेगी। इसके अलावा बढ़ते हुये तापमान को भी नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। इस शुभ अवसर पर अधिष्ठाता संकाय डॉ. एस.एन.एस. परमार, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. वाय.पी. साहनी, महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. जे.के. भारद्वाज, संचालक विस्तार सेवायें, डॉ. सुनील नायक, डॉ. एस.के. महाजन, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, इस कार्यक्रम को संचालन डॉ. जॉयसी जोगी, एवं डॉ. पूनम शाक्या ने किया। डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ. गिरिधारी दास, डॉ. नेमा, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. विश्वजीत राय, डॉ. सोना दुबे, डॉ. अंजू नायक, डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. अखिलेश पाण्डेय, डॉ. अंकुर खरे, डॉ. संजय शुक्ला, डॉ. अजय राय, एवं समस्त कर्मचारी व अधिकारी गण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर